# बिहार सरकार
## ग्रामीण विकास विभाग
### <u>संकल्प</u>

**विषयः– जल–जीवन–हरियाली अभियान का वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक अवधि विस्तार एवं विस्तारित अवधि में इसके क्रियान्वयन पर होने वाले अनुमानित व्यय कुल 24511.55 करोड़ (दो सौ पैंतालीस अरब ग्यारह करोड़ पचपन लाख) रूपये की स्वीकृति तथा विस्तारित अवधि में इसके प्रशासनिक मद पर होनेवाले अनुमानित व्यय कुल 103.69 करोड़ (एक सौ तीन करोड़ उनहत्तर लाख) रूपये की स्वीकृति के संबंध में ।**

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप अनियमित वर्षापात, भू–जल स्तर में गिरावट एवं पर्यावरण असंतुलन की चुनौतियों से निपटने के लिए संकल्प सं0: 442496 दिनांक 27.09.2019 द्वारा जल–जीवन–हरियाली अभियान के संचालन, इस पर वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2021–22 तक होने वाले अनुमानित व्यय की स्वीकृति, लक्ष्यों के निर्धारण, नियमित अनुश्रवण एवं अभियान को मिशन मोड में लागू करने हेतु जल–जीवन–हरियाली मिशन के गठन की स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं संकल्प संख्या 1167055 दिनांक 22.08.2022 द्वारा जल–जीवन–हरियाली अभियान का वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक अवधि विस्तार एवं विस्तारित अवधि में इसके क्रियान्वयन पर होने वाले अनुमानित व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस क्रम में संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं उसके विरूद्ध क्रियान्वयन हेतु आगामी 5 वर्षो (2025–26 से 2029–30 तक) के लिए अनुमानित भौतिक लक्ष्य एवं अनुमानित व्यय प्रतिवेदित किया गया है ।

2. इस क्रम में जल–जीवन–हरियाली अभियान के विस्तारीकरण एवं इसके क्रियान्वयन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा निम्न निर्णय लिया गया है :–

(i) 'जल–जीवन–हरियाली अभियान' का वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक अवधि विस्तार एवं विस्तारित अवधि में इसके क्रियान्वयन पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में 4593.04 करोड़ (पैंतालीस अरब तिरानवे करोड़ चार लाख) रूपये, वर्ष 2026–27 में 4850.62 करोड़ (अड़तालीस अरब पचास करोड़ बासठ लाख) रूपये, वर्ष 2027–28 में 4974.15 करोड़ (उनचास अरब चौहत्तर करोड़ पन्द्रह लाख) रूपये, वर्ष 2028–29 में 4871.76 करोड़ (अड़तालीस अरब इकहत्तर करोड़ छिहत्तर लाख) रूपये एवं वर्ष 2029–30 में 5221.98 करोड़ (बावन अरब इक्कीस करोड़ अंठानवे लाख) रूपये, अर्थात कुल 24511.55 करोड़ (दो सौ पैंतालीस अरब ग्यारह करोड़ पचपन लाख) रूपये होने वाले अनुमानित व्यय (समेकित रूप से अनुलग्नक–01 पर संलग्न) पर निम्न शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है :–

(क) प्रत्येक संबंधित प्रशासी विभाग द्वारा अभियान के क्रियान्वयन हेतु संबंधित बजट शीर्ष में राशि उपबंधित कर आवश्यकतानुसार व्यय किया जा सकता है ।

(ख) प्रत्येक संबंधित प्रशासी विभाग उसके अधीन योजनाओं की स्वीकृति विहित प्रक्रियानुसार अलग–अलग करेगा ।

(ii) 'जल–जीवन–हरियाली मिशन' के वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक अवधि विस्तार एवं विस्तारित अवधि में इसके प्रशासनिक मद पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में 18.42 करोड़ (अठारह करोड़ बयालीस लाख) रूपये, वर्ष 2026–27 में 19.24 करोड़ (उन्नीस करोड़ चौबीस लाख) रूपये, वर्ष 2027–28 में 20.51 करोड़ (बीस करोड़ इक्यावन लाख) रूपये, वर्ष 2028–29 में 21.96 करोड़ (इक्कीस करोड़ छियान्वे लाख) रूपये एवं वर्ष 2029–30 में 23.56 करोड़ (तेईस करोड़ छप्पन लाख) रूपये, अर्थात कुल 103.69 करोड़ (एक सौ तीन करोड़ उनहत्तर लाख) रूपये होने वाले अनुमानित व्यय (समेकित रूप से अनुलग्नक–02 पर संलग्न) पर स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

3. इस पर राज्य मंत्रिपरिषद् की दिनांक 16.05.2025 को आहूत बैठक की मद संख्या – 2 में स्वीकृति प्राप्त है ।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय ।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से

सचिव

ज्ञापांक 4/02528 पटना, दिनांक 20/05/2025

ग्रा0वि0-7(JJH)- 01/2022

प्रतिलिपि:- प्रभारी पदाधिकारी, गजट प्रकाशन कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (सी0डी0 सहित) राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

अनु0- सी0डी0 ।

सचिव

ज्ञापांक 4/02528 पटना, दिनांक 20/05/2025

ग्रा0वि0-7(JJH)- 01/2022

प्रतिलिपि:- महालेखाकर, बिहार, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सचिव

ज्ञापांक 4/02528 पटना, दिनांक 20/05/2025

ग्रा0वि0-7(JJH)- 01/2022

प्रतिलिपि:- मुख्य सचिव / विकास आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव

ज्ञापांक 4/02528 पटना,दिनांक 20/05/2025

ग्रा0वि0-7(JJH)- 01/2022

प्रतिलिपि:- सभी विभाग / विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी/स/संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक 16.08.2020 के मद संख्या- 1 के रूप में स्वीकृत प्रस्ताव के संबंध में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

सचिव

20/5/2025

ज्ञापांक 4/02528 पटना,दिनांक 20/05/2025

ग्रा0वि0-7(JJH)- 01/2022

प्रतिलिपि:- मुख्य मंत्री, बिहार के प्रधान सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

सचिव

20/5/2025